भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2717
उत्तर देने की तारीख : 16.12.2025

ओबीसी के लिए कौशल विकास कार्यक्रम

2717. श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे:

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में, विशेषकर महाराष्ट्र में ओबीसी समुदाय हेतु चल रहे कौशल विकास कार्यक्रमों की प्रगति का जिला-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या महाराष्ट्र में ओबीसी/ईबीसी समुदायों के लिए नए कौशल प्रशिक्षण केंद्र खोलने का प्रस्ताव विचाराधीन है;
(ग) यदि हां, तो इस प्रस्ताव के कब तक स्वीकृत होने की संभावना है; और
(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(श्री बी.एल. वर्मा)

(क): पीएम-दक्ष (प्रधान मंत्री दक्षता और कुशलता संपन्न हितग्राही योजना) स्कीम एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग द्वारा 2020-21 में महाराष्ट्र राज्य सहित पूरे भारत में अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों, विमुक्त घुमंतू अर्ध-घुमंतू जनजातियों, सफाई कर्मचारियों और कचरा बीनने वालों को पैनल में शामिल प्रशिक्षण संस्थानों के ज़रिए कौशल विकास प्रशिक्षण देने के लिए शुरू किया गया था। इस योजना के तहत एनबीसीएफडीसी (राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम) ओबीसी/ईबीसी/डीएनटी लाभार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यान्वित करता है। वर्ष 2024-25 और उसके बाद के लिए, पीएम-दक्ष योजना को कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) स्कीम के साथ विलय करने का निर्णय लिया गया है।

पीएम-दक्ष योजना के तहत एनबीसीएफडीसी द्वारा जिन लाभार्थियों को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान किया गया था उनका 2020-21 से 2023-24 तक महाराष्ट्र राज्य में जिलावार ब्यौरा **संलग्नक-I** में दिया गया है।

(ख), (ग) और (घ): पीएम-दक्ष योजना के तहत कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र खोलने का कोई प्रावधान नहीं है।

श्री बाल्या मामा सुरेश गोपीनाथ म्हात्रे द्वारा पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2717, जिसका उत्तर 16.12.2025 को दिया जाना है, के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित संलग्नक-I

जिला /वर्ष	**2020-21**	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**
अमरावती				270
औरंगाबाद	80	122	139	283
भंडारा				90
बीड				30
बुलढाणा				120
चंद्रपुर	40	35		150
धुले		60		958
गढ़चिरौली				25
गोंदिया	50			90
जलगांव	139	240	100	
कोल्हापुर	60			60
लातूर	197	85		
मुंबई	256	135		
नागपुर	50	260	35	1259
नंदुरबार			30	420
नासिक		80		330
नांदेड़		100		
उस्मानाबाद			60	
पुणे	95			510
रायगढ़				30
सांगली				120
साओनेर				60
सोलापुर				180
ठाणे				25
वाशिम				19
कुल	**1047**	**1117**	**364**	**5029**

*****